EPISODE: 19 DATE : 23- 09- 2021

पाठ का नाम : ठाकुर का कुआँ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें

1) ठाकुर का कुआँ किस विधा की रचना है?

उत्तर : कहानी |

2) ठाकुर का कुआँ कहानी के रचनाकार कौन है ?

उत्तर : प्रेमचंद |

3) प्रेमचंद के बारे में आप क्या जानते हैं ?

उत्तर : प्रेमचंद हिंदी के कथा सम्राट माने जाते हैं। उनकी रचनाएँ अधिकतर सामाजिक है । समाज का यथार्थ चित्रण उनकी कहानियों में हम देख सकते हैं |

4) सड़ा पानी में विशेषण शब्द कौन- सा है ?

उत्तर : सड़ा |

5) ठाकुर का कुआँ नामक कहानी के प्रमुख पात्र कौन कौन है ?

उत्तर : ठाकुर का कुआँ नामक कहानी के प्रमुख पात्र जोखू और गंगी है।

6) "कुआ दूर था | बार बार जाना मुश्किल था।" यहाँ गंगी की कौन- सी विवशता प्रकट होती है ?

उत्तर : यहाँ गंगी की गरीबी का चित्र उभर आता है। गरीबी के कारण उन्हें अपना कुआँ नहीं है। दूर के कुएँ से ही वह पानी लाती थी। कुआँ दूर होने के कारण बार बार जाना भी मुश्किल था। इसलिए गंगी अपनी दयनीय हालत प्रकट

करती है।

7) ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा ? गंगी क्यों इस प्रकार सोचती है ?

उत्तर : यहाँ जाति- पाँति की ओर संकेत किया है । ठाकुर ऊँची जाति के लोगों के प्रतिनिधि है। जोखू और गंगी निम्न जाति के लोगों के प्रतिनिधि है। यहाँ जोखू प्यास से तड़प रहा है | उसे पीने के लिए घर में गंदा पानी ही है। निम्न जाति की स्त्री होने के कारण ठाकुर उसे पानी भरने नहीं देंगे। निम्न जाति के लोगों को ऊँची जाति के लोगों के कुएँ से पानी भरने की अनुमति नहीं थी। इस जातिगत भेदभाव के कारण गंगी सोचती है कि ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा |

8) गंगी ने पानी न दिया क्यों ?

उत्तर : जोखू बीमार है। घर में जो पानी है उसमें से बदबू आ रही है। जोखू प्यास के कारण गंदा पानी ही पीने जा रहा था। तो गंगी ने पानी नहीं दिया। क्योंकि खराब पानी पीने से बीमारी बढ़ जाएगी। विवशता में भी गंगी अपने पति के स्वास्थ्य का ख्याल रखती है |

9) खराब पानी पीने से बीमार बढ़ जाएगी | पानी के खराब होने के क्या- क्या कारण हो सकते हैं?

उत्तर : कूड़े कचरे से पानी गंदा होता है। कुआँ साफ न होगा तो पानी गंदा होगा | कुएँ में जानवरों के मरने से पानी गंदा होगा |

10) “ खराब पानी पीने से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी , परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल लेने से उसकी खराबी जाती रहती है । "

- इससे कौन- सी सामाजिक वास्तविकता प्रकट होती है ?

उत्तर : यहाँ गंगी की आशिक्षा की ओर संकेत किया है। निम्न और गरीब लोग

शिक्षा से भी वंचित रह जाता है | इसलिए उनमें अज्ञान ,अंधविश्वास आदि भी देख सकते हैं | इसी सामाजिक वास्तविकता को यहाँ प्रस्तुत किया है |

11) " गंगी क्या जवाब देती, किंतु वह बदबूदार पानी पीने को न दिया । इससे गंगी का कौन- सा मनोभाव प्रकट होता है ?

उत्तर : अपनी विवशता में भी गंगी अपने पति के स्वास्थ्य का ख्याल रखती है।

12) जोखू की हालत कैसी है ?

उत्तर : जोखू बीमार है और प्यास से तड़प रहा है।

13) गाँव में कितने कुएँ हैं ?

उत्तर : गाँव में ठाकुर और साहू के दो कुएँ हैं।

14) विशेषण शब्द पहचानकर सही मिलान करें।

सख्त	पानी
बदबूदार	कुआँ
तीसरा	सत्य
कड़वा	बदबू

उत्तर :

सख्त	बदबू
बदबूदार	पानी
तीसरा	कुआँ
कड़वा	सत्य

नवीन शब्दार्थ

कुआँ - കിണർ

बदबू - ദുർഗന്ധം

ठाकुर - ക്ഷത്രിയരുടെ ഒരു സ്ഥാനപ്പേര്

सख्त बदबू - രൂക്ഷമായ ദുർഗന്ധം

बास - गंध

प्यास - ദാഹം

सड़ा - ചീഞ്ഞ

ज़मींदार - ഭൂവുടമ

लोटा- **Metal Pot**

सूखना - ഉണങ്ങുക

गंदगी - മലിനത

प्रतिदिन - नित्य

जानवर - മൃഗം

नाक - മൂക്ക്

उबालना - തിളപ്പിക്കുക

कंधा देना - സഹായിക്കുക

हाथ पाँव तुड़वाना - കൈയും കാലും തല്ലി ഒടിപ്പിക്കുക

दुवार – द्वार - കവാടം

झांकना - എത്തിനോക്കുക